# NSS SPECIAL CAMP

## Action taken Report & Feed Back Report




# NSS SPECIAL CAMP

## 26-12-2024 TO 02-01-2025

### NEWSPAPER CUTTING AND

***26-12-2024 (Opening Ceremony) 1st Day Activities Page No 01***

राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का आज डॉ0 नीतू सिन्हा के नेतृत्व में शुभारंभ हुआ। इस सुअवसर पर डॉ0 आर0 पी 0 चौपड़ा सेवानिवृत प्राचार्य , वर्तमान लायंस क्लब धर्मशाला के अध्यक्ष,बतौर मुख्यातिथि, और डॉ0 केशव कौशल सहायक आचार्य संस्कृत शाहपुर महाविद्यालय विशेष अतिथि उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 विनोद कुमार शर्मा ने स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यातिथि विद्यार्थियों व विशिष्ट अथिति को सम्मानित किया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि ने स्वयं सेवियों को सबसे पहले राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत होने व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए प्रेरित किया। साथ ही एन 0एस 0एस के मुख्य मोटो "मैं नही बल्कि आप" को जीवन का अंग बनाकर , समाज के लिए अपना उत्तरदायित्व निभाने,अच्छा नागरिक बनने, जीवन में अपना लक्ष्य तय करने, किसी भी काम को छोटा न समझने, और दूसरों को आगे बढ़ाने में सहयोग देने , नशीले पदार्थों का सेवन न करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने छात्राओं को विशेष रूप से आगे बढ़ने , शिक्षा के साथ अपना मानसिक विकास करने की तरफ ज्यादा ध्यान देने के लिए कहा। विशिष्ट अतिथि नवीन जी ने भी एन 0एस 0एस की पृष्ठभूमि व इसमें भविष्य के सुअवसरों पर प्रकाश डाला।इसी के साथ स्वयं सेवियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, कविता, नृत्य भी प्रस्तुत किए। इस शिविर में 50 स्वयं सेवी भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर डॉ अजय कटोच, प्रो0शिवानी दत्ता, प्रो0सुदेश कुमारी, श्रीमती पूजा सरस्वती, श्रीमती सिम्मी कुमारी, श्रीमती ऊषा श्री अरविंद कुमार बैंस जी भी उपस्थित रहे।














मटौर कालेज में एनएसएस के शिविर का आगाज

टीएमसी। राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का डा. नीतू सिन्हा के नेतृत्व में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर डा. आरपी चौपड़ा सेवानिवृत प्राचार्य, वर्तमान लायंस क्लब धर्मशाला के अध्यक्ष बतौर मुख्यातिथि और डा. केशव कौशल सहायक आचार्य संस्कृत शाहपुर महाविद्यालय विशेष अतिथि उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डा. विनोद कुमार शर्मा ने स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यातिथि विद्यार्थियों व विशिष्ट अथिति को सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को सबसे पहले राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत होने व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि नवीन ने भी एनएसएस की पृष्ठभूमि व इसमें भविष्य के अवसरों पर प्रकाश डाला। इसी के साथ स्वयंसेवियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, कविता व नृत्य भी प्रस्तुत किए। इस शिविर में 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर डा. अजय कटोच, प्रो. शिवानी दत्ता, प्रो. सुदेश कुमारी, पूजा सरस्वती, सिम्मी कुमारी, ऊषा अरविंद कुमार बैंस जी भी उपस्थित रहे।

**28-12-2024 (2nd Day) Maintenance of College Campus Page No : 02**











**दिनांक: 29 दिसम्बर,2024 (3rd Day) Page No : 03**

राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अपने सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव मटौर की साफ सफाई की व वहां लगाए गए पौधों का रख रखाव किया । साथ ही एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत वहां के स्थानीय छात्रों प्रियांशु और शायनी शगुन द्वारा वृक्षारोपण करवाकर आजीवन उनकी देख भाल व सुरक्षा का प्रण लिया गया। इसी के साथ एस0 डी 0आर0एफ0 कांगड़ा द्वारा स्वयं सेवियों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए गए और दुर्घटना के समय प्राथमिक चिकित्सा देने के तरीकों , हार्ट अटैक के दौरान सी0पी 0आर0एफ0देने, दुर्घटना में रक्त प्रवाह को रोकने, घायलों को ले जाने के लिए स्ट्रेचर बनाने की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर इकाई प्रभारी डॉ0 नीतू सिन्हा और श्री अरविंद बैंस , श्रीमती ऊषा जी उपस्थित रहे।







## एनएसएस स्वयंसेवियों ने गोद लिए गांव की सफाई

**कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अपने सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव मटौर की साफ-सफाई की और वहां लगाए गए पौधों का रखरखाव किया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत वहां के स्थानीय छात्रों प्रियांशु और शायनी शगुन द्वारा पौधरोपण करवाकर आजीवन उनकी देख भाल व सुरक्षा का प्रण लिया गया। इसी के साथ एसडीआरएफ कांगड़ा द्वारा स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए गए और दुर्घटना के समय प्राथमिक चिकित्सा देने के तरीकों, हार्ट अटैक के दौरान सीपीआरएफ देने, दुर्घटना में रक्त प्रवाह को रोकने, घायलों को ले जाने के लिए स्ट्रेचर बनाने की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर इकाई प्रभारी डॉ. नीतू सिन्हा और अरविंद बैंस उपस्थित रहे।






## 30-12-2024 (4th Day) (Page No : 04)

राजकीय महाविद्यालय मटौर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक निःशुल्क हीमोग्लोबिन परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, त्यारा के डॉक्टर और स्वास्थ्यकमि यों की टीम ने शिविर के दौरान, स्वयं सेवियों का हीमोग्लोबिन स्तर जांचा और उन्हें एनीमिया और इसके बचाव के उपायों के बारे में जानकारी भी दी।

इस सत्र में कांगड़ा थाना के सब-इंस्पेक्टर योगेश ठाकुर ने साइबर अपराध के प्रति स्वयंसेवियों को जागरूक किया। उन्हें साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं, ऑनलाइन ठगी, डेटा सुरक्षा, और सोशल मीडिया पर सतक ता बरतने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को यह भी सिखाया कि साइबर अपराधों से बचने के लिए किन उपायों को अपनाया जाए और किसी अपराध का शिकार होने पर क्या कदम उठाएं।

इस सत्र में लायन्स क्लब धम शाला के पूव प्रधान डॉ. आर. पी चोपड़ा व उनकी टीम के सदस्यों के साथ का ॅलेज प्राचाय डॉ. विनोद कुमार शमा सहित गैर शिक्षक कम चारी श्री अरविन्द बैंस, श्रीमती उषा भी मौजूद थे। यह कायक्रम NSS इकाई की प्रोगाम अधिकारी डॉ. नीतू सिन्हा के मागदशन में संपन्न हुआ।








डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
30 दिसंबर, 2024
www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
आज की ताजा खबर देखते रहिए डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ

**स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए निःशुल्क हीमोग्लोबिन परीक्षण शिविर आयोजित**

पहली नजर ब्यूरो, कांगड़ा

राजकीय महाविद्यालय मटौर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक निःशुल्क हीमोग्लोबिन परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शि वि र में स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तियारा के डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने शिविर के दौरान, स्वयंसेवियों का हीमोग्लोबिन स्तर जांचा और उन्हें एनीमिया और इसके बचाव के उपायों के बारे में जानकारी भी दी।

**राजकीय महाविद्यालय मटौर में छात्रों को सिखाए साइबर अपराधों से बचने के उपाए**

इस सत्र में कांगड़ा थाना के सब-इंस्पेक्टर योगेश ठाकुर ने साइबर अपराध के प्रति स्वयंसेवियों को जागरूक किया। उन्हें साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं, ऑनलाइन ठगी, डेटा सुरक्षा, और सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने छात्रों को यह भी सिखाया कि साइबर अपराधों से बचने के लिए किन उपायों को अपनाया जाए और किसी अपराध का शिकार होने पर क्या कदम उठाएं। इस सत्र में लायन्स क्लब धर्मशाला के पूर्व प्रधान डॉ. आर. पी. चोपड़ा व उनकी टीम के सदस्यों के साथ कॉलेज प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा सहित गैर शिक्षक कर्मचारी अरविन्द बैंस, उषा भी मौजूद थे। यह कार्यक्रम एनएसएस इकाई की प्रोगाम अधिकारी डॉ. नीतू सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।








**एचआईवी एड्स से बचाव पर किया जागरूक**

गगल (कांगड़ा)। राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आयोजित एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को एचआईवी एड्स के बारे जानकारी दी गई। इसमें नागरिक अस्पताल कांगड़ा से मीना ने रोग के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों से अवगत करवाया। वंदना ने विद्यार्थियों को युवावस्था में आने वाले शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक परिवर्तनों के विषय में व्याख्यान दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नीतू सिन्हा, अरविंद बैंस, ऊषा आदि मौजूद रहे। संवाद

**दिनांक:31 दिसम्बर,2024 (5th Day) Page No : 05**

राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का आज पांचवां दिन था। जिसमें प्रो0 पूजा दीवान, सहायक आचार्या मनोविज्ञान, राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला बतौर मुख्यातिथि व मुख्यवक्ता उपस्थित रही। मुख्य वक्ता ने छात्र छात्राओं को सामाजिक , भावात्मक बुद्धिमता , तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। इसके अंतर्गत उन्होंने छात्र छात्राओं व्यक्ति वाक कौशल , भावात्मक कौशलों की जानकारी देते हुए इसमें सामाजिक बुद्धिमता की भूमिका पर प्रकाश डाला। जिससे हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है।युवावस्था के दौरान आने वाले भावात्मक, मानसिक परिवर्तनों, , बढ़ते मानसिक तनाव उसके प्रबंधन के उपायों, वर्तमान में सोशल मीडिया के प्रति युवाओं का बढ़ता रुझान, सकारात्मक नकारात्मक प्रभावों को इनके कारण हमारे बदलते सामाजिक व्यवहार , सामाजिक, भावात्मक बुद्धिमता के विकास में सहायक तत्वों को लेकर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 विनोद कुमार शर्मा ने भी विशेष उपस्तिथि दर्ज की और इस आवश्यक जानकारी से लाभ उठाने के लिए स्वयं सेवियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर इकाई प्रभारी डॉ0 नीतू सिन्हा, प्रो0 शिवानी दत्ता, प्रो0 सुदेश कुमारी, श्री अरविंद बैंस, श्रीमती ऊषा जी भी उपस्थित रहे।






**दिनांक : 01 जनवरी, 2025 (6th Day) Page No : 06**

राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का आज छठा दिन था। इस अवसर पर सिविल अस्पताल कांगड़ा से आई श्रीमती मीना और वंदना जी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहीं। श्रीमती मीना जी ने स्वयं सेवियों को एच 0आई 0वी एड्स के कारणों लक्षणों और बचाव के उपायों , उससे जुड़ी भ्रांतियों से परिचित करवाया साथ ही श्रीमती वंदना जी ने विद्यार्थियों को युवावस्था में आने वाले शारिरिक,मानसिक, भावात्मक परिवर्तनों, उनके प्रबंधन, युवाओं को समाज से स्वयं को जोड़ने, रिश्तों को मजबूत बनाने के विषय में व्याख्यान दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 नीतू सिन्हा, श्री अरविंद बैंस, श्रीमती ऊषा जी उपस्थित रहीं।






दिनांक : 02 जनवरी, 2025 (Closing Ceremony) Page No : 07

राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 विनोद कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्वयं सेवियों ने पंजाबी नृत्य, गीत, शायरी , काव्य पाठ, लोक नृत्य जैसे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपनी बहुमुखी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने इकाई को शिविर के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए इन सात दिनों में स्वयं सेवियों के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा सांझा की गई महत्वपूर्ण जानकारी से लाभ उठाने की प्रेरणा दी। इसी दौरान स्वयं सेवियों में से ही निक्षित , बी 0ए 0 प्रथम वर्ष और इतिका, बी 0 ए 0 द्वितीय वर्ष को बेस्ट वॉलेंटियर्स चुना गया।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 नीतू सिन्हा, श्री अरविंद बैंस, श्रीमती सिम्मी कुमारी,श्रीमती ऊषा जी भी उपस्थित रहे।



दैनिक सवेरा टाइम्स

सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

समापन अवसर के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि, विद्यार्थी व अध्यापकगण

**सवेरा न्यूज/मनोज कांगड़ा,** राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्वयं सेवियों ने पंजाबी नृत्य, गीत, शायरी, काव्य पाठ, लोक नृत्य जैसे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपनी बहुमुखी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने इकाई को शिविर के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए इन सात दिनों में स्वयं सेवियों के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा सांझा की गई महत्वपूर्ण जानकारी से लाभ उठाने की प्रेरणा दी। इसी दौरान स्वयं सेवियों में से ही निक्षित , बीए प्रथम वर्ष और इतिका, बीए द्वितीय वर्ष को बेस्ट वॉलेंटियर्स चुना गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिन्हा, अरविंद बैंस, सिम्मी कुमारी,ऊषा भी उपस्थित रहे।

दैनिक सवेरा Fri, 03 January 2025
epaper.dainiksaveratimes.in/c/765441



# मटौर कॉलेज के एनएसएस शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने पंजाबी नृत्य, गीत, शायरी, काव्य पाठ, लोक नृत्य जैसे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपनी बहुमुखी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने इकाई को शिविर के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए इन सात दिनों में स्वयंसेवियों के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा साझा की गई महत्वपूर्ण जानकारी से लाभ उठाने की प्रेरणा दी। बीए प्रथम वर्ष के निक्षित और इतिका, बीए द्वितीय वर्ष को बेस्ट वॉलेंटियर्स चुना गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिन्हा, अरविंद बैंस, सिम्मी कुमारी, ऊषा भी उपस्थित रहे।



## निक्षित और इतिका को चुना बेस्ट वालंटियर्स

**टीएमसी।** राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डा. विनोद कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्वयं सेवियों ने पंजाबी नृत्य, गीत, शायरी, काव्य पाठ, लोक नृत्य जैसे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपनी बहुमुखी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने इकाई को शिविर के सफल आयोजन पर बधाई दी। इसी दौरान स्वयं सेवियों में से ही निक्षित, इतिका को बेस्ट वालंटियर्स चुना गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. नीतू सिन्हा, अरविंद बैंस, सिम्मी कुमारी, ऊषा भी उपस्थित रहे।












